Title: Need to set up industries in backward districts of Bihar.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य के भोजपुर, कैमूर, औरंगाबाद, गया, जहानाबाद और पटना जिला का पालीगंज अनुंडल का दुल्हीन बाजार, पालीगंज और मसौड़ी प्रखंड उग्रवाद की चपेट में आ गया है। कारण-उद्योग विहीन इलाका है। इन जिलों के हज़ारों की संख्या में पढ़े-लिखे नवजवान बेरोज़गार हैं। इनके समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। खेतिहर मजदूर भी बेकार हैं। विवश और लाचार होकर ये लोग समाज की मुख्य धारा से कट रहे हैं और असामाजिक संगठनों के साथ जुड़ रहे हैं। कृाि की हालत भी ठीक नहीं है।

अत; श्रीमान् के माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि इन जिलों में यथाशीघ्र छोटे-बढ़े उद्योगों की स्थापना की जाये ताकि विवश और लाचार लोगों को रोज़गार मिल सके और ये लोग समाज की मुख्य धारा में लौट सकें।